# कक्षा-दसवीं

## मॉडल टैस्ट पेपर

## विषय- हिंदी

### भाग-(क)

प्रश्न-1 :(i) निम्नलिखित प्रश्न का हाँ अथवा नहीं में उत्तर दीजिए -

'आधार' शब्द का विपरीत शब्द 'निराश्रित' होगा - हाँ अथवा नहीं

(ii) 'वनगमन' समस्त पद के निम्नलिखित समास-विग्रह-विकल्पों में से सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

(क) वन में गमन (ख) वन को गमन (ग) वन के लिए गमन (घ) वन से गमन

(iii) नीचे दिए गए कोष्ठक ( ) में सही कथन होने पर सही (√) और गलत कथन होने पर गलत (×) का निशान लगाएं :

'अर्थ ' शब्द का विशेषण होगा - 'आर्थिकता' ( )

(iv) नीचे दिए गए कोष्ठक ( ) में सही कथन होने पर सही (√) और गलत कथन होने पर गलत (×) का निशान लगाएं :

'जो बात कही न जा सके' अनेक शब्दों के लिए का एक शब्द होगा - 'अकथनीय' ( )

(v) 'पुत्री' शब्द के निम्नलिखित में से सही पर्यायवाची शब्द के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए-

पुत्री (क) तनय

(ख) तनुज

(ग) तनुजा

(vi) कवि रहीम के अनुसार ज्ञानी व्यक्ति संपत्ति का संचय किसलिए करते हैं।

(vii) 'हम राज्य लिए मरते हैं' कविता के अनुसार किसान संसार को कैसे समृद्ध बनाते हैं ?

(viii) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

ममता रोहतास दुर्ग के मंत्री ----------------की पुत्री थी ।

(ix) 'हाँ'अथवा 'नहीं'' में उत्तर दीजिए --

'सदाचार का तावीज़' निबन्ध के अनुसार साधु ने तावीज़ का प्रयोग गधे पर किया । हाँ अथवा नहीं ।

(x) 'सूखी डाली ' एकांकी में दादा मूलराज की पोती इंदु ने कहाँ तक शिक्षा प्राप्त की थी ?निम्नलिखित में से सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

(क) मिडल तक (ख) प्राइमरी तक (ग) दसवीं तक (घ) बारहवीं तक 10 × 1 =10

ClassResult.in

## भाग-(ख)

प्रश्न-2 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

(i) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए-

हत+उत्साहित

अथवा

निम्नलिखित शब्द का संधिविच्छेद कीजिए-

निर्माण

(ii) निम्नलिखित समस्त पद (समास) का विग्रह कीजिए-

राजकुमारी

अथवा

निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद (समास) बनाइए-

नीली है जो गाय

(iii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाइए-

मोटा , अपना

(iv) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण बनाइए-

चिंता , परिवार

ClassResult.in

(v) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

दिन, इच्छा

(vi) निम्नलिखित में से किसी एक समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का प्रयोग वाक्य में इस तरह करें ताकि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए-

अन्न-अन्य , सपुत्र-सुपुत्र

(vii) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्यांश (अनेक शब्दों) के लिए एक शब्द लिखिए-

पूर्वजों से प्राप्त हुई सम्पत्ति , जो नीति का ज्ञाता हो

(viii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विलोम शब्द लिखिए-

कंजूस, विस्तार

(ix) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के अनेकार्थक शब्द (कम से कम दो) लिखिए-

हवा, सूर

(x) निम्नलिखित में से किसी एक अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए-

(क) मेरे को मंदिर जाना है ।

(ख) मेधावी मेरी अनुज है ।

10 × 1 = 10

## भाग-(ग)

प्रश्न-3 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए—

पर सुख संपति देखि सुनि, जरहिं जे जड़ बिनु आगि।
तुलसी तिन के भाग ते, चलै भलाई भागि।।

अथवा

वे गोधन के धनी उदार,
उनको सुलभ सुधा की धार,
सहनशीलता के आगर वे श्रम सागर तरते हैं।
हम राज्य लिए मरते हैं। 1+4=5

प्रश्न-4 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए :—

(i) 'नर्स' कहानी में सिस्टर सूसान ने महेश को अपने बेटे के बारे में क्या बताया ?

(ii) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी में नीम के वृक्ष के साथ मनोहर सिंह का इतना लगाव क्यों था ?

(iii) 'मित्रता' निबन्ध के आधार पर लिखें कि अपने से अधिक आत्मबल रखने वाले व्यक्ति को मित्र बनाने से क्या लाभ है ?

(iv) 'मैं और मेरा देश' निबन्ध के आधार पर लिखें कि लाला लाजपतराय के किस अनुभव ने लेखक की पूर्णता को अपूर्णता में बदल दिया ?

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में परेश ने दादा जी के पास जाकर अपनी पत्नी बेला के सम्बन्ध में क्या बताया ?

(vi) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव को गुप्तचरों से क्या समाचार मिला ? 4 x2½=10

प्रश्न-5 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह-सात पंक्तियों में दीजिए :—

(i) 'ममता' कहानी के आधार पर ममता का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ii) 'दो कलाकार' कहानी में चित्रा एक मंझी हुई चित्रकार है। आप इससे कहाँ तक सहमत हैं ?

(iii) 'राजेंद्र बाबू' पाठ के आधार पर राजेंद्र बाबू की पत्नी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन करें।

(iv) 'सदाचार का तावीज़' पाठ में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(v) 'सूखी डाली' एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 3 x 5 =15

## भाग-(घ)

प्रश्न-6 आपका नाम जगजीत कौर है। आप शिवाजी नगर, मुम्बई में रहते हैं।आप अपनी ओर से मुम्बई के 'जन चेतना' समाचार पत्र के मुख्य सम्पादक के नाम सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव सम्बन्धी एक पत्र लिखिए।

अथवा

ClassResult.in

आपका नाम अनीता पुरी है।आप ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, जगाधरी में दसवीं कक्षा में पढ़ती हैं।अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल में अधिक से अधिक खेलों का सामान मंगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन पत्र लिखिए। 7

प्रश्न-7 निम्नलिखित किसी एक विषय पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-

(क) जनसंचार के माध्यम

(ख) सब्ज़ी मंडी में सब्ज़ी खरीदने का मेरा पहला अनुभव

(ग) प्रकृति का वरदान : पेड़-पौधे 8

## भाग-(ङ)

प्रश्न 8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

अनुशासनहीनता एक प्रचंडतम संक्रामक बीमारी है। आग की तरह यह फैलती है और आग की तरह जो कुछ इसके अधीन आता जाता है, उसे ध्वस्त करती जाती है। अतः हर स्तर पर जो भी संचालक अथवा प्रभारी है, उसका यह प्रमुख कर्त्तव्य हो जाता है कि अनुशासनहीनता के पहले लक्षणों को देखते ही उसका प्रभावी उपचार कर दें। अन्यथा यह बीमारी सम्पूर्ण राष्ट्र का ही पतन कर सकती है। वस्तुतः अनुशासन शिथिल होने का अर्थ है, मूल्यों और मान्यताओं का अवमूल्यन होना और जब ऐसा होता है तो कोई भी राष्ट्र अथवा सभ्यता कितनी ही दिव्य क्यों न हो, नष्ट हो जायेगी। अनुशासित हुए बिना कोई समाज, कोई विभाग या कोई राष्ट्र शक्तिशाली नहीं बन सकता। इतना ही नहीं अनुशासन के बिना किसी देश से दरिद्रता, अन्याय, आपसी फूट और वैमनस्य कभी दूर नहीं हो सकते।

(i) अनुशासनहीनता कैसी बीमारी है?

(ii) अनुशासन शिथिल होने से किसी राष्ट्र या सभ्यता पर क्या पभाव पड़ता है?

(iii) किसके बिना देश से दरिद्रता, अन्याय, आपसी फूट और वैमनस्य कभी दूर नहीं हो सकते।

(iv) 'उपचार' तथा 'वैमनस्य' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 5 x 1 =5

## भाग-(च)

प्रश्न 9 : निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच मुहावरों / लोकोक्तियों के वाक्य इस तरह बनाएं ताकि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएं-

(i) रुपया पानी में फेंकना

(ii) फूल झड़ना

(iii) तिल का ताड़ बनाना

(iv) आँच न आने देना

ClassResult.in

(v) कथनी नहीं, करनी चाहिए

(vi) कभी नाव गाड़ी पर, कभी गाड़ी नाव पर

(vii) सावन हरे न भादों सूखे 5 x 1 =5

### भाग-(छ)

प्रश्न 10 : निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए-

ਭ੍ਰਿਸ਼ਟ ਆਚਰਣ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਕੁਝ ਲੋਕ ਕੇਵਲ ਪੈਸੇ ਦੀ ਹੇਰਾਫੇਰੀ ਅਤੇ ਘਪਲੇਬਾਜ਼ੀ ਨੂੰ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਪਰ ਇਸ ਵਿੱਚ ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮਿਲਾਵਟ, ਅਨਿਆਂ, ਸਿਫਾਰਿਸ਼, ਕਾਲਾਬਜ਼ਾਰੀ, ਸ਼ੋਸ਼ਣ ਅਤੇ ਦੋਸ਼ ਆਦਿ ਸਭ ਕੁਝ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਸਾਰਾ ਸਮਾਜ ਇੱਕ ਜੁਟ ਹੋ ਕੇ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਰੂਪੀ ਇਸ ਦੈਂਤ ਨੂੰ ਖ਼ਤਮ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। 5

### भाग-(ज)

प्रश्न 11 : निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए

(i) आपका नाम रवि कुमार है। आप सूर्या सीनियर सेकंडरी स्कूल, पठानकोट में हिंदी के अध्यापक हैं। आप स्कूल की हिंदी साहित्य समिति के सचिव हैं। इस समिति द्वारा आपके स्कूल में दिनांक 11.08.2018 को 'सड़क सुरक्षा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार करके लिखिए जिसमें विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया हो।

(ii) आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर- 22 मुम्बई में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है। आपका मोबाइल नम्बर 1354456695 है। आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए। 5

ClassResult.in

### भाग-(झ)

प्रश्न 12 : निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें-

(i) मान लीजिए आपका नाम पूनम कुमारी है। आपका भविष्य बैंक, शाखा-शिमला में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 373748488 है। आपको अपने इस खाते में से 5500/-- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें-

भविष्य बैंक, शाखा : शिमला

**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

बचत खाताधारक का नाम: ------------------------------------------------

खाता नम्बर: ------------------------------------------------

कृपया मुझे -------------रुपये (अंकों में) ---------------रु० (शब्दों में) अदा करें ।

खाताधारक के हस्ताक्षर : ------------

(ii) मान लीजिए आपका नाम सुप्रिया देवी है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-15 नोएडा में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 834747393 है। आपको अपने इस खाते में से दिनांक 23.05.2018 को 4500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें:

**रुपये निकालने का फार्म**

**( जमाकर्ता द्वारा भरा जाए )**

डाकघर का नाम : **सेक्टर-15,** नोएडा

दिनांक -----------

बचत खाता सं०--------------------------------------------------

कृपया मुझे ------------रुपये (अंकों में) ----------------- रु० (शब्दों में) का भुगतान करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर -----------------

5

ClassResult.in